शिक्षण संस्थान मेक इन इंडिया के लिए आगे बढ़ें : प्रो भास्कर

रांची. आइआइएम में रिमेजिनिंग गलोबलाइजेशन : द पावर ऑफ डिजिटल इंटर कनेक्शन इन ए डिग्लोबलाइजेशन वर्ल्ड विषय पर आयोजित चार दिवसीय 16वें आइएसडीएस आइ-वैश्विक सम्मेलन का शुक्रवार को समापन हो गया. अंतिम दिन स्टार्टअप, उद्यमिता और भारतीय बी-स्कूलों के अंतरराष्ट्रीयकरण पर चर्चा हुई. इस अवसर पर आइआइएम अहमदाबाद के निदेशक प्रो भरत भास्कर ने कहा कि शिक्षण संस्थानों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्द्धा रखते हुए मेक इन इंडिया के लिए आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए. प्रो गौरव मराठे ने आइआइएम द्वारा 26 दिसंबर 2024 को होनेवाले सोशल इंपेक्ट सम्मेलन के आयोजन की घोषणा की. इसका विषय अनलिशिंग बिज़नस हार्मोनी : द प्रोफिटेबिलिटी, इंपैक्ट एंड सस्टेनिबिलिटी रखा गया है. समापन समारोह में सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र प्रस्तुत करनेवाले तीन प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया. प्रो राजेश जैन ने धन्यवाद ज्ञापन किया. इस अवसर पर आइआइएम रांची के निदेशक डॉ दीपक कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

- आइआइएम में चार दिवसीय सम्मेलन का समापन

Prabhat Khabar_30.12.2023_Pg. 13